CAREERINDIA

**Series : TYM/C**

**SET – 3**

कोड नं.
**Code No. 32/3**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10** + **1** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **26** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **10** printed pages + **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **26** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **26** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1** से 7 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **8** से **18** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **19** से **25** तक प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **26** मानचित्र से सम्बंधित है। इसके दो भाग हैं **26(A)** और **26(B)**। **26(A) 2** अंक का इतिहास से तथा **26(B) 3** अंक का भूगोल से है। मानचित्र का प्रश्न पूर्ण होने पर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करिए।*

*(vii)* *पूर्ण प्रश्न-पत्र में विकल्प नहीं हैं। फिर भी कई प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं। ऐसे सभी प्रश्नों में से प्रत्येक से आपको **एक** ही विकल्प हल करना है।*

***General Instructions :***

*(i)* *The question paper has **26** questions in all. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *Questions from serial number **1** to 7 are Very Short Answer type Questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *Questions from serial number **8** to **18** are **3** marks questions. Answers of these questions should not exceed **80** words each.*

*(v)* *Questions from serial number **19** to **25** are **5** marks questions. Answers of these questions should not exceed **100** words each.*

*(vi)* *Question number **26** is a map question. It has two parts **26(A)** and **26(B)**. **26(A)** of **2** marks from History and **26(B)** of **3** marks from Geography. After completion attach the map inside your answer book.*

*(vii)* *There is no overall choice. However, internal choice has been provided in some questions. You have to attempt only **one** of the alternatives in all such-questions.*

www.careerindia.com

CAREERINDIA

1. समाप्यता के आधार पर संसाधनों का वर्गीकरण कीजिए। 1

Classify resources on the basis of exhaustibility.

2. जब हम प्राकृतिक उत्पादों को अन्य रूपों में परिवर्तित करते हैं, तब यह गतिविधि किस आर्थिक क्षेत्रक के अन्तर्गत आती है ? 1

When we change natural products into other forms, which category of economic sector such activity comes ?

3. मुद्रा को विनिमय का माध्यम क्यों स्वीकार किया जाता है ? 1

Why is money accepted as a medium of exchange ?

4. दो व्यक्तियों के विकास के लक्ष्य किस प्रकार भिन्न हो सकते हैं ? 1

How can two persons have different developmental goals ?

5. यूरोप में 14वीं सदी के दौरान पाण्डुलिपियाँ, किताबों की बढ़ती माँग को पूरा क्यों नहीं कर सकीं ? 1

**अथवा**

चार्ल्स डिकिन्स द्वारा लिखित 'पिकविक पेपर्स', 1836 की एक महत्त्वपूर्ण घटना क्यों बनी ?

Why could not manuscripts satisfy the increasing demand of books in Europe during fourteenth country ?

**OR**

Why was 'Pickwick Papers' written by Charles Dickens became a notable event of 1836 ?

6. बेल्जियम की सामुदायिक सरकार और श्रीलंका की बहुसंख्यकवादी सरकार में अंतर स्पष्ट कीजिए। 1

Differentiate between community government in Belgium and majoritarian government in Sri Lanka.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

7. 1960 के दौरान अधिकतर विकाशसील देशों ने अपने आपको समूह 77 में क्यों संगठित किया ? **1**

**अथवा**

'ईस्ट इंडिया कंपनी' ने गुमाश्तों की नियुक्ति क्यों की ?

**अथवा**

18वीं शताब्दी में लंदन में बड़ी संख्या में बच्चों को उनके अभिभावकों द्वारा मामूली वेतन के काम पर क्यों धकेला गया ?

Why did most developing countries organize themselves into the Group of 77 during 1960s ?

**OR**

Why did the East India Company appoint 'Gomasthas' ?

**OR**

Why were large number of children pushed to low-paid work during the $18^{th}$ century in London by their parents ?

8. भारत किस प्रकार की संघीय व्यवस्था के अंतर्गत आता है ? इस प्रकार की संघीय व्यवस्था की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **1 + 2 = 3**

Under which type of federation India comes ? Mention any two features of such federation.

9. आर्थिक वृद्धि के लिए सतत पोषणीय विकास अतिआवश्यक क्यों है ? स्पष्ट कीजिए। **3**

Why is sustainable development essential for economic growth ? Explain.

10. भारत में जाति व्यवस्था को समाप्त करने के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों का वर्णन कीजिए। **3 × 1 = 3**

Describe any three factors that are responsible for breaking down of caste system in India.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

11. सार्वजनिक क्षेत्रक राष्ट्र के आर्थिक विकास में किस प्रकार योगदान करता है ? स्पष्ट कीजिए । **3 × 1 = 3**

How does public sector contribute to the economic development to the nation ? Explain.

12. "उपभोक्ता निवारण प्रक्रिया जटिल, खर्चीली और समय साध्य साबित हो रही है ।" इस समस्या के समाधान के लिए किन्हीं तीन तरीकों को स्पष्ट कीजिए । **3 × 1 = 3**

"The consumer redressal process is becoming cumbersome, expensive and time consuming." Explain any three ways to solve this problem.

13. "अनौपचारिक क्षेत्रक की ऋण गतिविधियों को हतोत्साहित किया जाना चाहिए ।" तर्कों सहित कथन की पुष्टि कीजिए । **3 × 1 = 3**

"The credit activities of the informal sector should be discouraged." Support the statement with arguments.

14. भारत में सड़क परिवहन की किन्हीं तीन प्रमुख समस्याओं की व्याख्या कीजिए । **3 × 1 = 3**

Explain any three major problems faced by road transport in India.

15. 'प्रथम विश्व युद्ध' के बाद ब्रिटेन की आर्थिक दशाओं का वर्णन कीजिए । **3 × 1 = 3**

**अथवा**

बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में भारत में 'जॉबर्स' की भूमिका का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान बंबई (मुम्बई) में आप्रवासियों की किन्हीं प्रमुख तीन समस्याओं का वर्णन कीजिए ।

Describe the economic conditions of Britain after the 'First World War'.

**OR**

Describe the role of 'Jobbers' in the beginning of twentieth century in India.

**OR**

Describe any three major problems faced by migrants in Bombay (Mumbai) during nineteenth century.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

16. भारत में वर्षा जल संग्रहण करने की आवश्यकता क्यों है ? स्पष्ट कीजिए। **3**

Why is there a need to develop rainwater harvesting system in India ? Explain.

17. "चुनौती उन्नति के लिए अवसर है।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। **3**

"Challenge is an opportunity for progress." Justify the statement.

18. "छापेखाने से विचारों के व्यापक प्रचार-प्रसार और बहस-मुबाहिसे के द्वार खुले।" कथन का विश्लेषण यूरोप में धर्म के संदर्भ में कीजिए। **3**

**अथवा**

"प्रेमचंद के उपन्यासों में समाज के हर स्तर से आए नानाविध शक्तिशाली चरित्र हैं।" कथन का विश्लेषण उदाहरणों सहित कीजिए।

"Print created the possibility of wide circulation of ideas and introduced a new world of debate and discussion." Analyse the statement in the context of religion in Europe.

**OR**

"Premchand's novels are filled with all kinds of powerful characters from all levels of society." Analyse the statement with examples.

19. "भारत में कृषि का 'सकल घरेलू उत्पाद' में घटता अंश गंभीर चिंता का विषय है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। **5 × 1 = 5**

"The declining share of agriculture in the Gross Domestic Product (GDP) is a matter of serious concern in India." Support the statement.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

20. ‘शिकायतों का बने रहना लोकतंत्र की सफलता की गवाही है।” इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। **5**

‘Complaints are treated as testimony to the success of democracy.’ Justify this statement.

21. लोकतंत्र को मजबूत बनाने में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के महत्त्व का वर्णन कीजिए। **5 × 1 = 5**

**अथवा**

लोकतांत्रिक सरकार में राजनीतिक दलों के महत्त्व का वर्णन कीजिए।

Describe the importance of regional political parties in strengthening democracy.

**OR**

Describe the importance of political parties in a Democratic Government.

22. गाँधीजी ने प्रस्तावित रॉलट एक्ट (1919) के विरुद्ध एक राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह चलाने का निर्णय क्यों लिया ? इसका विरोध किस प्रकार किया गया ? व्याख्या कीजिए। **2 + 3 = 5**

**अथवा**

‘नमक यात्रा’ उपनिवेशवाद के विरुद्ध विरोध का प्रभावी प्रतीक क्यों मानी गई ? व्याख्या कीजिए। **5**

Why did Gandhiji decide to launch a nationwide ‘Satyagraha’ against the proposed Rowlatt Act (1919) ? How was it opposed ? Explain.

**OR**

Why was the ‘Salt March’ considered an effective symbol of resistance against colonialism ? Explain.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

23. ‘विदेशी व्यापार’ से उपभोक्ता और उत्पादक किस प्रकार लाभान्वित हो सकते हैं ? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए । **5 × 1 = 5**

**अथवा**

कुछ ही वर्षों में हमारे बाजार किस प्रकार परिवर्तित हो गए हैं ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए ।

How can consumers and producers be benefited from ‘foreign trade’ ? Explain with examples.

**OR**

How have our markets been transformed in recent years ? Explain with examples.

24. फ्रांसीसी क्रांतिकारियों द्वारा फ्रांसीसी लोगों में एक सामूहिक पहचान की भावना पैदा करने के लिए प्रारम्भ किए गए किन्हीं पाँच उपायों का वर्णन कीजिए । **5 × 1 = 5**

**अथवा**

‘मेकोंग डेल्टा क्षेत्र’ के विकास के लिए फ्रांसीसियों द्वारा उठाए गए किन्हीं पाँच कदमों का वर्णन कीजिए ।

Describe any five measures introduced by the French Revolutionaries to create a sense of collective identity amongst the French people.

**OR**

Describe any five steps taken by the French to develop the ‘Mekong Delta Region’.

25. लोहा तथा इस्पात उद्योग के मुख्यतः ‘छोटानागपुर’ पठारी क्षेत्र में संकेन्द्रण के लिए उत्तरदायी किन्हीं पाँच कारकों की व्याख्या कीजिए । **5 × 1 = 5**

**अथवा**

पटसन उद्योग के मुख्यतः हुगली नदी के तटों के साथ–साथ स्थित होने के लिए उत्तरदायी किन्हीं पाँच कारकों की व्याख्या कीजिए ।

www.careerindia.com

Explain any five factors that are responsible for concentration of 'iron and steel' industries mainly in 'Chhotanagpur Plateau Region'.

**OR**

Explain any five factors that are responsible for the location of the 'jute mills' mainly along the banks of the 'Hugli River'.

26. (A) दो लक्षण (a) और (b) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके नाम मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर लिखिए : **$2 \times 1 = 2$**

(i) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ ।

(ii) वह नगर जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना हुई ।

(B) इसी दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : **$3 \times 1 = 3$**

(i) कांडला : प्रमुख समुद्री पत्तन

(ii) भिलाई : लोहा और इस्पात संयंत्र

(iii) कैगा : आणविक ऊर्जा संयंत्र

(A) Two features (a) and (b) are marked on the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked on the map :

(i) The place where the Indian National Congress Session was held.

(ii) The city where 'Jallianwalla Bagh' incidence took place.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

(B) Locate and label the following with appropriate symbols on the same given outline political map of India :

(i) Kandla : Major Sea Port

(ii) Bhilai : Iron and Steel Plant

(iii) Kaiga : Nuclear Power Plant

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर हैं : **5 × 1 = 5**

(26.1) उस स्थान का नाम जहाँ से 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' शुरू हुआ था ।

(26.2) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ चौरी–चौरा घटना घटित हुई ।

(26.3) उस राज्य का नाम जहाँ कांडला समुद्री पत्तन स्थित है ।

(26.4) उस राज्य का नाम जहाँ भिलाई लौह और इस्पात संयंत्र स्थित है ।

(26.5) उस राज्य का नाम जहाँ कैगा आणविक ऊर्जा संयंत्र स्थित है ।

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 26 :**

(26.1) Name the place from where the Civil Disobedience Movement was started.

(26.2) Name the state where Chauri-Chaura incidence took place.

(26.3) Name the state where Kandla sea-port is located.

(26.4) Name the state where Bhilai 'Iron and Steel Plant' is located.


(26.5) Name the state where Kaiga 'Nuclear Power Plant' is located.

www.careerindia.com

यहाँ से काटें — Cut Here — यहाँ से काटें — Cut Here

प्रश्न सं. 26 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 26

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**
**Outline Map of India (Political)**



www.careerindia.com